# पेट्रोल डालकर जलाने के मामले में विवाहिता की उपचार के दौरान मौत

## घटना की सूचना पर हमीरवास सीआई राजेश कुमार ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाने के गाँव नोरंगपुरा में 24 मार्च को एक विवाहिता पर उसके पति, सास, ससुर व ननद द्वारा मारपीट कर जान से मारने के नियत से पट्रोल डालकर जलाने के आरोप में विवाहिता ने 9 सितम्बर को उपचार के दौरान दम तोड दिया।

प्रकरण में विवाहिता के पति, सास, ससुर व ननद पर जान से मारने की नीयत से पट्रोल डालकर जलाने के आरोप का मामला 1 सितम्बर को हमीरवास थाने में दर्ज करवाया गया था। वहीं प्रकरण में विवाहिता को पट्रोल डालकर जलाने के आरोप के बाद सोनी बर्न अस्पताल हिसार में भर्ती करवाया गया था, जहां से जयपुर भर्ती करवाया गया था, जहां विवाहिता ने जयपुर अस्पताल में दम तोड दिया। वही घटना की मिली सूचना पर हमीरवास सीआई राजेश कुमार ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया तथा मृतका राधा देवी के शव का मेडिकल बोर्ड से



विवाहिता की मौत के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही करती हमीरवास थाना पुलिस।

पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। गौरतलब है कि सज्जन कुमार पुत्र हीरालाल ब्राहमण निवासी बासडी तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनूं ने हमीरवास थाने मे 1 सितम्बर को इस आरोप का मामला दर्ज करवाया था कि उसकी पुत्री राधा देवी की शादी जितेन्द्र कुमार पुत्र प्रभूदयाल ब्राहम्ण निवासी नोरंगपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू के साथ की हुई थी।

आरोप लगाया गया था कि शादी के बाद से लगातार उसकी पुत्री को उसका पति जितेन्द्र कुमार, सास कौशल्या, ससुर प्रभूदयाल, ननद बबीता शारीरिक व मानसिक क्रुरता कारित करते आ रहे थे। तथा अब इस साल गणगौर के दिन 24 मार्च 2023 को सुबह करीबन 11 बजे उसकी पुत्री को उसके पति, सास, ससुर व ननद ने मिलकर जान से मारने के लिए जला दिया, जिसकी सूचना उन्हे दूसरे दिन लगी, जिसके पट्टी करवा रखी थी। उसके बाद उन्होंने उसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाने के लिए कहा तो उसकी पुत्री के ससुराल वालों ने मना कर दिया व उसकी पुत्री को डरा धमका रहे थे। आरोप

- **विवाहिता के पति, सास, ससुर व ननद पर जलाने के आरोप का मामला 1 सितम्बर को हमीरवास थाने में दर्ज करवाया था**

है कि उसके एक माह तक बहल के प्राईवेट नोसिखिये डॉक्टर से पट्टी करवाते रहे तथा हालात बिगडने पर 25 अप्रेल 2023 को सोनी बर्न अस्पताल हिसार में भर्ती करवाया दिया, जहां उसकी पुत्री से अकेले में उन्हे मिलने नहीं दिया गया।

आरोप है कि 24 अगस्त 2023 को अस्पताल में उसकी पुत्री को अकेली को छोडकर उसकी ससुराल वाले घर आ गये तो उन्होंने जलने का कारण पुछा तो उसकी पुत्री ने उन्हें बताया कि 24 मार्च 2023 को सुबह करीबन 11 बजे उसके पति, सास, ससुर व ननद ने मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा उसके बाद पट्रोल डालकर उसे जला दिया तथा जलाने के बाद उसकी पुत्री के ससुराल वालों ने उन्हें तुरन्त सूचित नहीं किया तथा उसके बाद सही ईलाज नहीं करवाया और ना ही उन्हें अकेले में मिलने दिया तथा अब बीच में ही उसकी पुत्री को अस्पताल में छोडकर चले गये।

## शिक्षक रितेश शर्मा का अभिनंदन किया

**चूरू,** (कासं)। गांव सांखू फोर्ट के अध्यापक रितेश शर्मा को राज्य स्तर पर शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई व शिक्षक का अभिनंदन किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गहलोत, शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव व तकनीकी शिक्षा मंत्री, सुभाष गर्ग, शासन सचिव स्कूल शिक्षा नवीन जैन, निदेशक माध्यमिक शिक्षा कानाराम द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2023 प्रदान किया। इस अवसर पर रितेश शर्मा को ताम्रपत्र, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्री फल व व 21 हजार रुपये देकर समानित किया गया। शिक्षक राजवीर सिंह ने बताया कि पुरस्कार व्यक्ति को और अधिक मेहनत से कार्य करने के लिए प्रेरणा देते हैं। और यह गांव के लिए गौरव का अवसर है। पुरस्कृत शिक्षक रितेश ने इस स्वर्णिम पल के लिए अपने विद्यार्थियों, स्टाफ, पीईईओ मातुराम, शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों, अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गांव के सुभाष शर्मा, मुकेश, गोपीकृष्ण, प्रवीण, सुरेन्द्र, पवन धोबी, अंकित तथा अन्य सभी ग्रामीणों ने खुशी जताई।

### सार-समाचार

## भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई



**सादुलपुर,** (निसं)। विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड ने सादुलपुर में कुरैशी बाजार में व्यापारियों को भाजपा की डिजिटल सदस्यता ग्रहण करवाकर दुकानों पर भाजपा का स्टीकर लगाया। व्यापारियों ने 8140200200 पर मिस कॉल करके सदस्यता ग्रहण की। सादुलपुर में भाजपा की 14 सितंबर को पहुंच रही परिवर्तन संकल्प यात्रा के स्वागत के लिए व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में तारानगर राजगढ रोड पर पुलिया के पास स्वागत सभा में आने का निमंत्रण दिया। व्यापारियों ने भाजपा में शामिल होकर मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर खुशी व्यक्त की। आने वाले चुनाओं में भाजपा को बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर भीखम चन्द नाहटा, महावीर अग्रवाल, रामावतार गोयल, देवराज टेलर, कैलाश, पवन, सत्यनारायण सर्वा, सुरेंद्र मितल, सुनील भगेला वाले, मनीष सिंदोलिया, ओंकारमल, बंटी अग्रवाल, बाबूलाल जांगिड, सुधीर जांगिड, भंवर लाल मोदी, राजू अग्रवाल, मनोज सैन, कमल अग्रवाल, प्रमोद सिंगला सहित अनेकों व्यापारी उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में 81 मामले निस्तारित

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश योगेश जोशी की अध्यक्षता में आपसी राजीनामे से मामलों का निस्तारण किया गया। जिसमें सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में कुल 40 मामले व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय में कुल 41 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान क्लेम के मामलों में कुल एक करोड़ 95 हजार रुपयों की राशि के अवार्ड पारित किए गए। धन वसूली के 8 मामले और बिजली विभाग के कुल 257 प्रकरण का निस्तारण किया गया। इस मौके पर तालिका विधिक सेवा समिति के सचिव संदीप मीणा, सदस्य एडवोकेट अभिषेक महमिया, रोबिन शर्मा, लोकेश शर्मा, करणीसिंह शेखावत, गौतम कोकचा, मनोज मीणा, राजकुमार लाम्बा, अंजू चौधरी, योगेश कुमार, सुरेश गोठवाल, मनीषा चौधरी, कृष्ण दाधीच, संजय गोयल, रतन सिंह, धनेश मिश्रा, अजय कुमार, अधिवक्ता कृष्ण कुमार शर्मा, कमल भारती, विनोद डांगी, सोनू तामडायत, सुरेंद्र अहलुवालिया, अनिल मान, प्रशांत शर्मा, रमेश डैला, भीमसिंह सैनी, लालचंद गोठवाल, शिवम शर्मा, राजेन्द्र गोयल, भूपेंद्र सिंह, सुनील महला, यतेंद्र सिंह और न्यायिक कर्मचारी व पक्षकार मौजूद रहे।

## नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण किया

**चूरू,** (कासं)। निकटवर्ती ग्राम कुमास में लोक देवता जाहरवीर गोगा जी महाराज की मेड़ी पर विशालसिंह शेखावत निहाल कंवरसा मेमोरियल ट्रस्ट कुमास चूरु की ओर से जनहित में एक हॉल का निर्माण करवाया गया। जिसका लोकार्पण ट्रस्ट के चैयरमैन एवं अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत ने किया। समारोह में ट्रस्ट के व्यवस्थापक समाज सेवी रामबाबू पारीक को ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने माल्यार्पण, शॉल श्रीफल व 11 हजार रुपये नकद भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शेखसर के पूर्व सरपंच हरिराम कुमास, पूर्ण सिंह, कप्तान भवानी सिंह, हवलदार राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, उदय सिंह, दीवान सिंह, राहुल कुमास, विद्याधर पूनिया, जयचंद कुमावत, ओम प्रकाश पूनिया, देवी सिंह, श्रवण सिंह, कुलदीप सिंह, रावत सिंह, भगत कपिल कुमार, सुमेर पूनिया, करणी सिंह निर्वाण आदि उपस्थित थे।

# तनवीर खान ने दुधवा मीठा में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**चूरू,** (कासं)। गांव दुधवा मीठा में बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तनवीर खान ने वॉलीबॉल खेलकर व खिलाड़ियों से परिचय कर किया। उदघाटन मैंच दुधवा मीठा व बालरासर आथूना के बीच खेला गया।

- **उद्घाटन मैच दुधवा मीठा व बालरासर आथूना के बीच खेला गया**



वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते तनवीर खान।

इससे पहल तनवीर खान को ग्रामवासियों व खिलाड़ियों द्वारा रामपुरा स्टैड से डीजे के साथ नाचते गाते हुए देखकर चलाकर कार्यक्रम स्थल तक ले गए। इस असवसर पर दुधवा मीठा के ग्रामीणों ने तनवीर खान का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्रामीण व शहरी ओंलपिंक प्रतियागिता अभी सम्पन्न करवाई गई है। मुख्यमंत्री गहलोत का सपना है कि हमारे राजस्थान के खिलाड़ी भी देश व शहर का नाम रोशन करें। व हमारे देश के लिए मेडल लेकर आए। कांग्रेस सरकार ने खिलाड़ियों के लिए बहुत सी सुविधाएं प्रदान करे।

इस अवसर पर तनवीर खान ने खिलाड़ियों को खेल खेल भावना से खेलने की हिदायत भी दी । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दिनेश घंटेल, लालचंद सैनी, शीशपाल ढाका, जयचंद मेघवाल, महेंद्र शर्मा, विनोद सैनी, महेंद्र गुर्जर, महेश मिश्रा, अल्ताफ़ पिथिसर, ज्योति सिंह, दीपिका सोनी दीपिका सेन पूनम सैनी एडवोकेट, नासिर खान एडवोकेट, सिकन्दर खान आदि भी मचस्थ अतिथि थें। जिनका ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। शंकर लाल मीणा, श्रवण राम भाखर, भंवर लाल, राजेन्द्र अमित हरि रामप्रसाद विपिन जीतू संदीप आदि ने आयोजकिया भूमिका निभाई।

## भरत कुमार ने कांस्य पदक जीता

**सीकर,** (निसं)। नई दिल्ली में आयोजित हुई 42वीं नॉर्थ जोन उत्तर भारत निशानेबाजी प्रतियोगिता में कोलीड़ा के भरत कुमार ने 25 मीटर स्टैण्डर्ड पिस्टल शूटिंग में 275, 300 अंकों के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता हैं। दिल्ली

- **निशानेबाजी प्रतियोगिता आयोजित**

स्थित डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज पर 26 अगस्त से 8 अगस्त तक 42वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप हुई। जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के अलावा रेलवेज, सीआईएसएफ, एनसीसी, आर्मी और एसएसबी के निशानेबाजों ने भी शिरकत की। कैप्टन राम लाल मील ने बताया की भरत पहले भी कई बार नेशनल में टूर्नामेंट खेल चुका है व इंडियन टीम के ट्रायल में भी सहभागिता कर चुका है। उन्होंने बताया की भरत ने यह उपलब्धि अपनी मेहनत व अपने सीनियर नेशनल मेडलिस्ट सब.इंस्पेक्टर पवन शर्मा और नेशनल मेडलिस्ट बलवीर शेरावत के मार्गदर्शन से प्राप्त की।

# पारम्परिक खेलों का संरक्षण बेहद जरूरी: रणजीत सातड़ा

**चूरू,** (कासं)। पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत सातड़ा ने कहा कि आजकल बच्चों का मोबाइल और किताबों में ही अधिकतर टाइम व्यतीत होता है। ऐसे में उन्हें शारीरिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए आउटडोर व पारम्परिक खेलों से जोड़ना जरूरी है।

पूर्व प्रधान सातड़ा शुक्रवार को घाँघू गांव के मुख्य गोगामेड़ी स्थल पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। सातड़ा ने कहा कि खेलों का हमारी संस्कृति में महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। खेल एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से और एक समाज को दूसरे समाज से जोड़े रखने का महत्त्वपूर्ण माध्यम रहे हैं। राज्य सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए अभूतपूर्व काम किया है। विशिष्ट अतिथि क्रय विक्रय सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष चिमनाराम कारेल ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सही रखना किसी भी व्यक्ति के लिए बड़ी चुनौती है और इस दिशा में शारीरिक व्यायाम एवं खेलों की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में खेलों एवं शारीरिक गतिविधियों को स्थान देना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि बीनासर के पूर्व सरपंच अहसान खान ने कहा कि घाँघू में वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैए यह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन में गांव के सभी लोगों की भागीदारी दूसरे गांवों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर लाल दर्जी ने कहा कि खेल आपसी सद्भाव और भाईचारा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनचर्या में शारीरिक गतिविधियों का स्थान कम हो रहा है और आदमी आरामतलब होता जा रहा है। ऐसे में खेल गतिविधियों से जुड़े रहना लोगों के लिए बेहद जरूरी है। नन्हे चैतन्य टुहानिया ने ओजस्वी स्वर में ष्नहीं फूलते कुसुम मात्र राजाओं के उपवन मेंष् कविता का पाठ का श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। शुक्रवार रात दस बजे तक चली प्रतियोगिता का फाइनल मैच किंग्स ऑफ वेडिंग क्लॉथ क्लब की टीम ने खोखर क्लब को हराकर जीता।

# चंद्रयान-3 व जी-20 की थीम पर कलाकृतियां बनाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं एकेडमी विज्ड़म सिटी में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीवेम चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, क्रिएटिव डायरेक्टर गरिमा मोदी, हॉस्टल निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोजसिंह, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि ने विधिवत् रूप से मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

जानकारी देते हुए स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने बताया कि नर्सरी से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए सत्र 2023-24 के प्रथम शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ विद्यालय में पधारकर उनके परीक्षा परिणाम एवं शैक्षिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं सभी विषयाध्यापकों के साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन की विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद् द्वारा संपूर्ण विज्ड़म सिटी को शानदार ढंग से सजाया गया।

- **शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन आयोजित**

चंद्रयान-3 एवं जी-20 की थीम पर विद्यार्थियों के द्वारा शानदार रंगोली बनाई गई। साथ ही चंद्रयान-3 का वर्किंग मॉडल भी स्कूली बच्चों के द्वारा तैयार किया गया। जो सभी के लिए एक आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए साइंस सहित अनेक विषयों के विभिन्न प्रकार के मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्कूल के सभी थीम बेस्ड डिस्प्ले बोर्ड्स को भी विद्यार्थियों ने शानदार ढंग से सजाया। पधारे हुए सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी, अभिभावक एवं अध्यापकों के त्रिकोणीय संबंध तथा सामंजस्य पूर्ण चर्चा से ही विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति संभव है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थी मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत होते हैं। सभी डे-स्कॉलर एवं हॉस्टलर्स विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्ण वातावरण में अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम देखा।

## भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**सीकर,** (निसं)। श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजस्थान मिशन .2030 की श्रृंखला में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नौ सरकारी एवं 10 निजी महाविद्यालयों के कुल 19 विद्यार्थियों की प्रतिभागिता रही। राजस्थान के चंहुमुखी विकास एवं देश ही नहीं अपितु विश्व में अपनी अनूठी पहचान बनाने को संकल्पित सरकार के द्वारा युवाओं के ऊर्जावान विचारों एवं सुझावों से रूबरू होने के लिए यह मुहिम राजस्थान सरकार द्वारा चलाई गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीलम भार्गव ने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध रहते हुए सकारात्मक ऊर्जा से देश हित के लिए आगे बढ़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम में डॉण्विमला महरियाए डॉ.सुमित्रा खीचड़ एवं डॉ. प्रदीप जोशी एडवोकेट निर्णायक भूमिका में रहे। प्रतियोगिता में रघुनाथ बालिका महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ की कनिष्का शर्मा ने प्रथम स्थानए ग्रामीण महिला महाविद्यालय शिवसिंहपुरा सीकर की रितु दुलड़ द्वितीय स्थान तथा मोदी विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़ की अदिति गोदारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पुरस्कृत शिक्षक ने सम्मान राशि विद्यालय को दान की




सम्मान राशि भेंट करने पर शिक्षक इरशाद खान का सम्मान किया।

**सादुलपुर,** (निसं)। कोविड आपदा के समय कोरोना वॉरियर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षक ने शिक्षक दिवस पर शिक्षक इरशाद खान ने मिली पुरस्कृत सम्मान राशि को विद्यालय को किया दान किया है।

गौरतलब है कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत समिति सभागार, राजगढ में किया था। वहीं इस अवसर पर ब्लॉक स्तर पर शिक्षक इरशाद खान राजकीय प्राथमिक विद्यालय, शीलानगर को ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान लेवल-प्रथम की श्रेणी में सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक इरशाद खान द्वारा किए गए शिक्षा नवाचार उत्कृष्ट परिणाम, भामाशाह प्रेरक हेतु किए गए कार्यों हेतु पुरस्कृत किया गया। शिक्षक ने 'विद्यालय में जन्म दिवस मनाईए, पुण्य कमाईऐ' जैसे नवाचार कार्यक्रम के द्वारा विद्यालय संसाधन जुटाने, वृक्षारोपण, डिजिटल कक्षा कक्ष हेतु भामाशाहो को प्रेरित करने, विद्यालय अन्य कार्यों को सम्पन्न करवाया। शिक्षक ने अपना प्रेरणास्त्रोत आदर्श शिक्षक सेवानंद चौहान को बताया। शिक्षक ने कोविड आपदा के समय कोरोना वॉरियर के रूप में भी उत्कृष्ट कार्य किया।

शिक्षक ने इस पुरस्कार को विद्यालय को समर्पित करते हुए 5100 रुपये की पुरस्कार राशि अपने विद्यालय को भेंट की। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, दीवान सिंह सूरा, बेधडक सिंह, कलावती खिचडी, सुमेर सिंह, महेंद्र सहारण, ललिता पूनियां तथा राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक सेवानन्द चौहान आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन देवदास स्वामी ने किया।

## गांधी चौक में सरेआम मारपीट

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के बीचोंबीच बने गांधी चौक में दिन में भी सरेआम मारपीट होती रही। शुक्रवार को एक व्यक्ति पर कुछ युवक लाठियों से हमला करते हुए देखे गए। एक व्यक्ति बीच बचाव की कोशिश कर रहा था। लेकिन दुसरा युवक हाथ में लकड़ी लेकर उसपर वार कर रहा था। जानकारी के अनुसार गांधी चौक स्थित पुलिस गुमटी के पास एक दुकानदार और एक व्यक्ति की लड़ाई हो गई। फिर दुकानदार युवक ने उसपर लाठी से वार किया। लाठी से मारने पर वह बेसूध होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।


**खोया-पाया**

मेरी एक पुस्तैनी भूमि मेरे पास है, जो वार्ड नं. 15 रेल्वे स्टेशन रोड़ व मंगल अस्पताल राजगढ़ (चूरू) के सामने स्थित तादादी 25.08 वर्गमीटर है। जिसके दस्तावेज काफी वर्ष पूर्व कही खो गये हैं या खुदबुर्द हो गये है, जो काफी तलाश करने के बावजूद भी नहीं मिले पा रहे हैं। उक्त भूमि पर मैं दुकानात बनाकर उपयोग व उपभोग कर आजिविका चला रहा हूं, जो मेरे स्वामित्व में है तथा बिजली बिल काफी वर्षो से मेरे नाम से ही चला आ रहा है। उक्त भूमि संबन्धी दस्तावेज भविष्य में मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ (चूरू) में जमा करवा दूंगा।

**प्रार्थी/सूचनाकर्ता**

**संजय कुमार पुत्र रामकुमार उम्र 44 साल जाति जाट निवासी नेशल हाल वार्ड नं. 12 नया वार्ड नं. 16 मोहल्ला पिलानी रोड़ राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)**


# राज्य की कांग्रेस सरकार से हर वर्ग परेशान: विधायक महर्षि

**रतनगढ़,** (निसं)। क्षेत्रीय विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को आगामी भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर विधायक कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हुए। विधायक महर्षि ने पत्रकार वार्ता में कहा कि 5 सितम्बर को गोगामेडी से भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का आगाज हुआ है जो कि अलग अलग विधानसभाओं में जाकर सभा करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फैकने का संकल्प ले रही है।

रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आगामी 13 सितम्बर 2023 को स्थानीय सेठ श्री भंवरलाल बुधमल दुगड़ राजकीय नेहरू स्टेडियम में प्रात:10 बजे भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा पहुंचेगी। रतनगढ स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र रतनगढ द्वारा एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमे राष्ट्रीय एवम राज्यस्तरीय भाजपा नेताओं द्वारा हम सब भाजपा




भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर विधायक महर्षि कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हुए।

कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिलेगा। विधायक महर्षि ने कहा कि राज्य भर में परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। यात्रा की सभाओं में जन सैलाब उमड़ रहा है जो कि आमजन का प्रदेश की नाकारा सरकार को उखाड़ फैकने का मूड बता रहा है। अब प्रदेश का जनमानस इस भ्रष्ट और हर मोर्चे पर विफल सरकार को विदा करने का संकल्प ले रहा है। इस नाकारा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में युवा, किसान, गरीब, मजदूर, दलित और महिलाओं पर शोषण व अत्याचार बढे है। लगातार हो रहे पेपर लीक की घटनाओं से शिक्षित युवाओं के सपने टूट गये है।

किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी नही होने से उनकी जमीनें नीलम हो रही है किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। सरकार अपने कार्यकाल में की

- **परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर विधायक महर्षि ने की पत्रकार वार्ता**

गई बजट घोषणाओं को अमलीजामा नही पहना सकी है। इस घोषणावीर सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। महर्षि ने कहा कि परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। ग्रामीण एवम शहरी क्षेत्र में मीटिंग लेकर सभा को सफल बनाने का आव्हान किया जा रहा है। यात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ भी शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र में जा रहा है। इसके अलावा सोशल मिडिया एवम अन्य प्रचार माध्यम से भी परिवर्तन यात्रा की सभा में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने का सन्देश दिया जा रहा है।

## आज से ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेंगी इन्दिरा रसोइयां

**पाटन,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित इन्दिरा रसोई योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मात्र 8 रुपए में सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इस योजना से 'कोई भूखा ना सोए' का संकल्प साकार हो रहा है। इसी दिशा में प्रदेश के हर व्यक्ति को महंगाई की मार से राहत देने तथा भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन्दिरा रसोइयां खोलने जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 10 सितम्बर रविवार से दोपहर 12 बजे टोंक के निवाई स्थित झिलाय से योजना का शुभारम्भ करेंगे। साथ ही विभिन्न जिलों में संचालित इन्दिरा रसोइयों के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। नीमकाथाना जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने बताया कि रविवार को नीमकाथाना के प्रीतमपुरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण इंदिरा रसोई का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल रूप से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2023-24/116-124 दिनांक 07.09.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2023-24**

ग्राम पंचायत सालासर में पंचायती राज विभाग नियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत SBM योजना का कार्य बायोगैस प्लांट (85CUM) स्थापना कार्य श्री बालाजी गौशाला संस्थान सालासर जिस की अनुमानित लागत 50.00 लाख रुपए है के निर्माण हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों व राजस्थान/केन्द्र सरकार द्वारा पंजीकृत संवेदक (सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम/नगर पालिका आदि) से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से वेब साईट ww.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 07/09/2023 को 05.00 PM बजे से दिनांक 18.09.2023 को 06.00 PM तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बायो गैस प्लांट (85CUM) स्थापना कार्य श्री बालाजी गौशाला संस्थान सालासर | 50.00 लाख रुपये मात्र | एक लाख रुपये की DD सरपंच ग्राम पंचायत सालासर के नाम |
| 2 | ऑन लाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | दिनांक 07.09.2023 05.00 PM बजे से दिनांक 18.09.2023 06.00 PM तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकरर्स चैक/ई चालान एवं अन्य कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | दिनांक 19.09.2023 को 1.00 AM तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | दिनांक 19.09.2023 को 04.00 PM | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajastha.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता है।

NIB NO:............................ UBN NO:..............................

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**